# जनहित दर्शन बुन्देलखण्ड अंचल

## रेत का अवैध डंप करने पर चार के विरुद्ध मामला दर्ज

जनहित दर्शन। संवाददाता
**लवकुशनगर 07 नवम्बर 2021।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन में एसडीएम लवकुशनगर राकेश सिंह परमार, तहसीलदार रणमत सिंह के द्वारा संयुक्त टीम बनाकर केन नदी के हर्रई घाट पर हो रहे रेत के अवैध उत्खनन को रोकने के लिए नदी के तट पर ग्राम हर्रई में बालू के अवैध डंप पर चार भू-मालिकों के खिलाफ बंशिया थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। लवकुशनगर एसडीएम राकेश सिंह परमार ने शनिवार को बालू के डंपों का निरीक्षण कर पाया था कि 1119 घनमीटर बालू अवैध रूप से डंप की गई है। इस डंप बालू की कीमत 7 लाख 83 हजार रुपए आंकी जा रही है और बंशिया थाना में धारा 379 के तहत मोहन केवट, राजू केवट, सियाराम केवट निवासी हर्रई एवं धर्मेन्द्र निवासी चंदला के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। प्रशासन की इस कार्यवाही से रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया क्योंकि तमाम रेत माफियाओं ने बालू के अवैध रूप से डंप लगाकर रखे हुए हैं। यदि पूरे क्षेत्र में रेत खदानों के आस-पास जांच की जाए तो तमाम लोग बालू का अवैध डंप किये हुए पाए जाएंगे। इस कार्यवाही के दौरान एसडीएम राकेश परमार, तहसीलदार चंदला रणमत सिंह, हल्का पटवारी चंद्रशेखर सहित पुलिस विभाग का अमला भी मौजूद रहा।



## बाइक से गिरी महिला, हुई मौत

जनहित दर्शन। संवाददाता
**नौगांव 07 नवम्बर 2021।** भाईदोज के दिन टीका कर लौट रही एक महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया गया है कि धौर्रा से बाइक पर सवार होकर एक महिला अपने पुत्र के साथ अपने घर मऊरानीपुर जा रही थी, वह धौर्रा अपने भाई के यहां टीका करने आई हुई थी। लेकिन टोल प्लाजा के आगे महिला बाइक से गिर गई। एंबुलेंस की मदद से महिला को नौगांव अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल कर्मचारी और पुलिस पोस्टमार्टम के लिए कहते रहे लेंकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम नहीं करवाया और शव लेकर अपने घर मऊरानीपुर रवाना हो गए।

## प्रधानमंत्री के लाइव प्रसारण को भाजपा नेताओं ने सुना

जनहित दर्शन। संवाददाता
**खजुराहो 07 नवम्बर 2021।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा केदारनाथ मंदिर क्षेत्र के विकासकार्यों का उद्घाटन एलसीडी के माध्यम से सीधा प्रसारण खजुराहो के दूल्हादेव मंदिर में हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि बड़ामलहरा विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी, चंदला विधायक राजेश प्रजापति, कार्यक्रम प्रभारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष अशोक दुबे, हरनारायण अवस्थी, जिला मंत्री सुनील मिश्रा, संजय रैकवार, जिला कार्यालय मंत्री अरविंद त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सिंह, बड़ामलहरा मंडल अध्यक्ष गिरजा प्रसाद पटैरिया, बकस्वाहा मंडल अध्यक्ष नीलू सोनी, बड़ामलहरा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रवि राजा परमार, अशोक रैकवार, स्नेहलता रैकवार मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नरेन्द्र द्विवेदी ने किया।

## शिविर लगाकर बंदियों को दी अधिकारों के बारे में जानकारी

जनहित दर्शन। संवाददाता
**लवकुशनगर 07 नवम्बर 2021।** सब जेल में आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें न्यायाधीश एवं अधिवक्ता शामिल रहे। अतिरिक्त अपर न्यायाधीश गिर्राज प्रसाद गर्ग, अरुण सिंह जेएमएफसी लवकुशनगर तथा अधिवक्ता संघ लवकुशनगर ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर बंदियों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लवकुशनगर द्वारा स्वास्थ्य कैंप का भी आयोजन किया गया, जिसमें ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. एसपी शाक्यवार, डॉ एसएस चौहान द्वारा समस्त बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में समस्त जेल स्टाफ एवं सब जेल अधीक्षक अनिल पाठक द्वारा आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।



## खाद की समस्या को लेकर किसानों ने किया चक्काजाम

### एसडीएम ने पहुंचकर दिया आश्वासन



जनहित दर्शन। संवाददाता
**बड़ामलहरा 07 नवम्बर 2021।** रबी फसल की बोवनी के लिए क्षेत्र के किसान परेशान हो रहे हैं लेकिन सोसायटियों में पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं पहुंचने से आए दिन हंगामा एवं विरोध की स्थिति उत्पन्न हो रही है। शनिवार की दोपहर भी तहसील के सामने किसानों ने खाद को लेकर हंगामा कर दिया। गुस्साए किसानों ने नेशनल हाईवे पर चक्काजाम किया। किसानों के चक्काजाम से हाईवे पर वाहनों का जमावड़ा लग गया। आपको बता दें कि खाद की किल्लत को लेकर किसानों का गुस्सा फूटने लगा है। जब किसानों ने हाईवे पर चक्काजाम किया तो दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं और किसानों की भीड़ बढ़ती गई। करीब एक घंटे तक हाईवे जाम रहने से आवागमन पूरी तरह बंद रहा।

**मौके पर पहुंचे एसडीएम-** मौके पर पहुंचे एसडीएम विकास कुमार आनंद ने किसानों को समझाइश देकर जाम खुलवाया। इस मौके पर एसडीओपी राजाराम साहू, टीआई जगतपाल सिंह भी मौजूद रहे। एसडीएम ने किसानों को खाद के लिए टोकन दिलाने और पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उधर कर्मचारियों की मानें तो प्रशासन ने सोसायटी स्तर से किसानों को खाद वितरण की व्यवस्था शुरू की है लेकिन सोसायटियों में पर्याप्त खाद नहीं आ रहा है जिस कारण किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रहा है।

**किसानों ने लगाए गंभीर आरोप-** चक्काजाम कर रहे किसानों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि खाद की कालाबाजारी हो रही है। मंडी, गोदाम से खाद सीधे किसानों को न देकर व्यापारियों तक पहुंचाया जा रहा है। जिसके चलते किसान को सीधे खाद नहीं मिल पा रहा है। किसानों का यह भी आरोप था कि हम 8 दिनों से लगातार चक्कर लगा रहे हैं परंतु अभी तक खाद नहीं मिला, इसलिए मजबूर होकर उन्हें चक्का जाम करना पड़ रहा है। क्योंकि बिना खाद के खेती की बुवाई पिछड़ रही है और प्रशासन की ओर से कोरे आश्वासन प्राप्त हो रहे हैं।

**11 नवंबर तक रैक आने की उम्मीद-** वेयर हाउस से जुड़े हुए कर्मचारियों से जानकारी मिली है कि अभी खाद की रैक नहीं आ रही है, 11 नवंबर को उम्मीद है कि खाद की रैक आ सकती है और यह रैक आने पर सोसायटियों के माध्यम से किसानों को वितरित कराने की व्यवस्था होगी। 11 नवंबर को अभी कई दिन शेष हैं जिस कारण किसान परेशान हैं। क्योंकि किसानों के लिए बिना खाद के एक-एक दिन मुश्किल कट रहा है। कुल मिलाकर खाद के लिए जो किल्लत शुरू हुई थी वह अभी थमने का नाम नहीं ले रही है।

**इनका कहना है**
मेरी ऊपर के स्तर के अधिकारियों से बातचीत हो गई है। अगले तीन दिनों में पर्याप्त मात्रा में खाद पहुंच जाएगी और किसानों को वितरण भी शुरू हो जाएगा। किसान धैर्य से काम लें।

**विकास कुमार आनंद,**
**एसडीएम बड़ामलहरा**

## फांसी में झूलकर छात्रा ने गवाई जान

जनहित दर्शन। संवाददाता
**हरपालपुर 07 नवम्बर 2021।** बीते रोज वार्ड नं. 3 में रह रहे अनुरागी परिवार की एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार वार्ड नं. 3 डॉ. अनसारी के पीछे रहने वाले चंद्रशेखर अनुरागी की 20 वर्षीय पुत्री हर्ष कुमारी ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा ली। वह बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। मृतका के दादा लक्ष्मीप्रसाद अनुरागी का कहना है कि वह घटना के समय घर पर नहीं था। पुलिस ने शव का पीएम कराकर मर्ग कायम किया है और जांच की जा रही है।

## गोली मारने वाले आरोपी फरार, पीड़ित परिवार भयभीत

जनहित दर्शन। संवाददाता
**छतरपुर 07 नवम्बर 2021।** थाना सिविल लाइन के अंतर्गत ग्राम ढड़ारी में पुरानी रंजिश के चलते एक महिला को तीन आरोपियों ने गोली मार दी थी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। लेकिन इस मामले में पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों सौरभ सिंह चंदेल, दीपक यादव, वीरेन्द्र यादव के विरुद्ध धारा 307 और हरिजन एक्ट का मामला तो पंजीबद्ध कर लिया परंतु घटना के तीसरे दिन भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। जबकि फरियादी अनिल अहिरवार की पत्नी ममता अहिरवार का उपचार चल रहा है। अनिल अहिरवार ने आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर आशंका जताई है कि वह आगे भी कोई घटना को अंजाम दे सकते हैं।

## स्टापडेमों में गेट नहीं होने से बढ़ गया बारिश का पानी, किसानों की सिंचाई हो रही प्रभावित

जनहित दर्शन। संवाददाता
**छतरपुर 07 नवम्बर 2021।** जनपद पंचायत छतरपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत मलपुरा-धमौरा के बीच में उर्मिल नदी पर आज से 10 साल पूर्व मनरेगा योजना के तहत स्टापडेम का निर्माण इसलिए कराया गया था ताकि किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए पानी मिल सके। लेकिन इस स्टापडेम में फाटक नहीं लगाए गए जिससे पूरा पानी बह गया और किसान सिंचाई के लिए परेशान हो रहे हैं। शासन के निर्देश हैं कि बारिश खत्म होते ही स्टापडेमों के गेट लगाए जाने चाहिए ताकि पानी संग्रहित रहे, उसका बहाव नहीं हो सके। लेकिन बारिश खत्म होने के तीन माह बाद भी इस स्टापडेम में गेट नहीं लगाए गए जिस कारण पूरा स्टापडेम खाली हो गया और किसानों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। कई बार किसानों ने स्टापडेम में फाटक लगाने के लिए जिला पंचायत सीईओ से लेकर सीएम हेल्पलाइन तक में शिकायत की लेकिन इस शिकायत का निराकरण आज तक नहीं किया गया है। उधर सरपंच द्वारा भी इस मामले में अपना पल्ला झाड़ा जा रहा है। उसका साफ शब्दों में कहना है कि मेरा चार्ज खत्म है, मुझे स्टापडेमों से कोई मतलब नहीं है। न तो आज तक जनपद सीईओ ने इस संबंध में कोई ध्यान दिया और न ही जिला पंचायत सीईओ ने। इस तरह की समस्या केवल एक गांव की नहीं है बल्कि जिले में कई ऐसे गांव हैं जहां पर स्टापडेम तो बना दिये गये लेकिन बारिश के बाद उन पर फाटक नहीं लगाए जाते जिससे बारिश का पानी बह जाता है और किसान लाभान्वित नहीं होते। इसके साथ ही उक्त स्टापडेम घटिया स्तर का भी बना है जो जगह-जगह से दरारें दे गया है।

**सीएम हेल्पलाइन बनी दिखावा-** ग्राम मलपुरा के कृषक हरिशंकर अवस्थी ने इस संबंध में सीएम हेल्पलाइन में एक पखवाड़े पूर्व शिकायत कर अवगत कराया था कि स्टापडेम में फाटक नहीं लगे हैं। लेकिन शिकायत के बाद भी आज दिनांक तक मलपुरा-धमौरा के बीच में उर्मिल नदी में बने स्टापडेम में गेट नहीं लगाया गया। अगर सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों पर भी कोई कार्यवाही नहीं होती तो फिर लोगों का सीएम हेल्पलाइन से विश्वास उठ जाएगा और सीएम हेल्पलाइन केवल दिखावा बन कर रह जाएगी।



## शराब बेचने आए युवक को ठेकेदार के लोगों ने पीटा

जनहित दर्शन। संवाददाता
**लवकुशनगर 07 नवम्बर 2021।** अवैध रूप से शराब बेचने आए एक व्यक्ति के साथ शराब ठेकेदार के गुर्गों ने मारपीट कर दी और तीन पेटी अवैध शराब लगवाने का प्रयास किया। क्योंकि आरोपी रबी लखेरा निवासी छतरपुर पहले ही चार पेटी शराब लिये पकड़ा गया था और ठेकेदार के गुर्गों ने उसे शराब लेकर जाते देखा तो मारपीट करते हुए 4 पेटी शराब के साथ तीन पेटी और शराब जप्त कराने का प्रयास किया। लेकिन बाद में यह मामला दूध का दूध और पानी का पानी हो गया। क्योंकि तीन पेटी शराब गुर्गों से ही जप्त दिखाई गई और उनके विरुद्ध भी मामला बना दिया गया। आरोपी रबी लखेरा के विरुद्ध भी अवैध शराब का मामला पंजीबद्ध हुआ है।



## श्रेयांसागर महाराज का हुआ पीछी परिवर्तन समारोह

जनहित दर्शन। संवाददाता
**घुवारा 07 नवम्बर 2021।** भगवां नगर में चातुर्मास कर रहे जैन संत आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री श्रेयांस सागर जी महाराज का रविवार को नगर के पंचायती दिगम्बर जैन मंदिर में भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह सम्पन्न हुआ पिच्छिका परिवर्तन समारोह में सर्वप्रथम नगर के अहिँसा तिराहा स्थित दिगंबर जैन नया मंदिर से ढोल नगाड़ों के साथ उत्साह पूर्वक भव्य सोभा यात्रा निकाली गई जो सोभा यात्रा नगर के पंचायती जैन मंदिर में सम्पन्न हुई कार्यक्रम में सर्वप्रथम मंगलाचरण सम्पन्न हुआ उपरांत चित्र अनावरण , दीप प्रज्वलन एवं अतिथि सम्मान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ उपरांत चातुर्मास की उपलब्धि सिंघई सुभम जैन एवं दीपा जैन कुँवरपुरा के द्वारा बताई गई उपरांत मुनि श्रेयांसागर महाराज के प्रवचन सम्पन्न हुए प्रवचनो के माध्यम से मुनिश्री ने कहा परिवर्तन जीवन एवं प्रकृति का नियम है इस संसार में मौजूद प्रतेयक विषय वस्तु एवं समस्त प्राणियों में परिवर्तन की प्रक्रिया व्यक्ति नही परम पिता परमेश्वर की मर्जी से होता है जिसमे मनुष्य केवल मात्र वाहक बनता है इसी परिवर्तन प्रक्रिया का एक हिस्सा मुनियों की पिच्छिका का परिवर्तन होना है यह मात्र ईश्वर के अनुरूप बनाई गई प्रक्रिया का वहन है जिसके वाहक हम सब है।

## कलेक्टर को भेंट किया स्कैच



जनहित दर्शन। संवाददाता
**छतरपुर 07 नवम्बर 2021।** नवोदित कलाकार हर्षदीप शर्मा के द्वारा कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह का हाथ से स्कैच बनाया गया और वह उन्हें भेंट किया। इस मौके पर राजदीप शर्मा, अमन शर्मा एवं गौसेवक राज सहित आनंद शर्मा एडवोकेट भी मौजूद रहे।

## कोरोनाकाल के बाद खजुराहो में दिखने लगे सैलानी

जनहित दर्शन। संवाददाता
**खजुराहो 07 नवम्बर 2021।** कोरोना कॉल के चलते बहुत दिनों बाद विश्व पर्यटन नगरी के पश्चिमी मंदिर समूह परिसर में विदेशी पर्यटक दिखे। खजुराहो के प्रसिद्ध फ्रेंच गाइड बलवीर गौतम ने फ्रांस से आये पर्यटक युगल को पश्चिमी मंदिर समूह के स्मारकों की साइडसीन कराई। श्री गौतम ने बताया कि उन्होंने लगभग दो वर्षो बाद विदेशी पर्यटकों को घुमाया है। उन्होंने बताया कि उक्त पर्यटक फ्रांस के हैं जो दिल्ली स्थित भारतीय दूतावास में कार्यरत हैं। गौरतलब है कि खजुराहो में वर्ष 2020 तथा 2021 कोरोना कॉल प्रभावित रहा है जिसके कारण यहां पर विदेशी पर्यटकों का आना लगभग बंद है। जिनकी कमी साफ झलक रही है। खजुराहो में देशी पर्यटकों के बीच विदेशी पर्यटकों का अनुभव आकर्षक रहता है, परन्तु कोरोना के कारण विदेशी पर्यटक यहां नहीं आ पाए। कोरोना काल में देश में ही रह गए विदेशी पर्यटक कभी कभार खजुराहो में दिख जाते हैं, ऐसा ही बीते दिवस देखने को मिला जब विदेशी पर्यटक नजर आए।

## भारत उदय ने किया किसानों को सम्मानित

### गाय, गंगा और किसान हमेशा पूज्य थे और पूज्य रहेंगे: उमा शंकर पांडे

जनहित दर्शन। संवाददाता
**खजुराहो 07 नवम्बर 2021।** किसानों का सम्मान हमेशा रहा है और रहेगा। किसानों का सम्मान व सहयोग करना सर्व समाज व सरकारों की जिम्मेदारी है। किसान देश के अन्नदाता है और उन्हीं के द्वारा उगाए हुए अन्न से हम और हमारा समाज पोषित है। खजुराहो में आयोजित भारत उदय द्वारा कृषक सम्मान समारोह में यह बात उमा शंकर पांडे ने कही। जल संरक्षण व किसानों को देसी पद्धति से कृषि करने के लिए प्रोत्साहित करने वाले जल ग्राम जखनी के संयोजक एवं जल योद्धा राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित श्री पांडे ने कहा कि किसानों को उन्नत कृषि के लिए समय-समय पर मार्गदर्शन देना जरूरी है, वही इस मौके पर जिला बस्ती उत्तर प्रदेश से पधारे दिल्ली प्रेस के वरिष्ठ पत्रकार बृहस्पति पांडे ने कहा कि सरकार की मंशानुरूप किसान आज खेती को लाभ का धंधा बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। जो देश के लिए खुशी की बात है। वही सजीव खेती की दिशा में काम कर रहे कृषि परास्नातक राहुल अवस्थी ने कहा कि यदि समझदारी के साथ खेती की जाए तो खेती से अच्छा कोई भी लाभ का धंधा नहीं है। वही इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ. शिवपूजन अवस्थी ने कहा कि किसान देश की असली पूंजी है वह हमारे लिए पूज्य है। कार्यक्रम में पारंपरिक खेती करने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने वाले पंडित सुधीर शर्मा, ऋषिकुल आश्रम के अध्यक्ष वीरेंद्र सर्राफ, वेद प्रकाश पाठक हल्के भैया, रजनीश सोनी, राजीव शुक्ला, नीरज द्विवेदी, रवि शंकर पांडे ने अपने उद्गार व्यक्त किए। कार्यक्रम का आयोजन आत्मवाणी वेलफेयर सोसाइटी एवं ऋषि कुल आश्रम द्वारा किया गया। इस अवसर पर इनक्यावन किसानों




## ट्रांसफॉर्मर खराब होने से अन्नदाता परेशान, विद्युत कंपनी बनी लापरवाह

जनहित दर्शन। संवाददाता
**बमीठा 07 नवम्बर 2021।** मध्यप्रदेश की किसान पुत्र मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एक और किसानों की आय दोगुनी करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प पूरा करने के लिए दिन रात लगे हुए हैं वहीं दूसरी बसारी विद्युत आफिस के ओआरसी व उनके स्टाफ बिजली विभाग की लापरवाही और अनदेखी उनके प्रयासों पर पलीता लगाते दिख रहे है। ताजा मामला छतरपुर जिले की राजनगर तहसील बसारी विद्युत आफिस के अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़ा के किसानों की परेशानी से संबंधित है ग्राम गढ़ा में स्कूल के पास रखा हुआ। ट्रांसफॉर्मर पिछले 1 महीने से खराब है जिसके कारण 100 से ज्यादा किसान अपनी फसलों में ना तू सिंचाई कर पा रही ना ही नई फसल के लिए जमीन सिंचित कर पा रहे किसानों ने इससे संबंधित कार्यालय तथा लाइनमैन तक से शिकायत की इसके बावजूद जिम्मेदारों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही उल्टा प्रभावित किसानों के द्वारा अपनी परेशानी बताने पर ट्रांसफार्मर बदलने की मांग करने पर बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा शत प्रतिशत बिल जमा करने के बाद ही ट्रांसफार्मर रखने बात कही जा रही है, जबकि इस समय शासन किसान को समय पर और पर्याप्त बिजली देने को प्राथमिकता दे रही है लेकिन ऐसे निरकुंश और दबंग कर्मचारियों ने शासन से हटकर अपना एक अलग ही संविधान बना रखा है। बिजली बिल आड़ में छिपा हुआ उद्देश्य किसानों को स्पष्ट समझ में आ रहा है लेकिन ऐसे किसान जो ईमानदारी से हमेशा अपना बिल जमा कर रहे हैं वो किसान अपने आप को ठगा हुआ महसूस करते नजर आ रहे हैं और अपनी फसल बर्बाद होते देखने को मजबूर है।

संस्थापक- स्वर्गीय श्रीमती सुभद्रा देवी पहारिया, स्वर्गीय श्री देवेन्दु पहारिया
मालिक मेसर्स जनहित पब्लिशर्स के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मनेन्दु पहारिया द्वारा मनेन्दु आफसेट प्रिंटर्स, किशोर सागर बुनियादी शिक्षा मार्ग किशोर सागर छतरपुर म.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-मनेन्दु पहारिया, मोबा- 9425146164
डाक पंजी. MP/CPU/05/2021-23 दूरभाष कार्या. एवं निवास-242864, manendupahariya@gmail.com
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार। आर.एन.आई. रजि.क्र. 39533/82